an>

Title: Need to establish a Trauma Centre at Gajraula in Uttar Pradesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा के गजरौला में ट्रॉमा सेंटर सेंटर खोलने की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

राष्ट्रीय राजमार्ग-24 देश की राजधानी दिल्ली को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ता है। साथ ही उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी गढ़मुक्तेश्वर भी इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है, जिस कारण इस राजमार्ग से भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं। वाहनों का दबाव होने के कारण इस राजमार्ग पर अक्सर एक्सीडेंट की घटनाएं होती रहती हैं। परिणामस्वरूप घायलों को दिल्ली अथवा मेरठ ले जाना पड़ता है। अधिक दूरी के कारण गंभीर रूप से घायल व्यक्ति रास्ते में ही दम तोड़ देता है तथा अन्य घायलों को अधिक पीड़ा झेलनी पड़ती है। वर्तमान में दिल्ली से लेकर मुरादाबाद के बीच कहीं भी ट्रॉमा सेंटर नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरोहा का औद्योगिक नगर गजरौला राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर स्थित है। यह धार्मिक नगरी गढ़मुक्तेश्वर से मात्र 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह स्थान ट्रॉमा सेंटर खोलने के लिए बेहतर स्थान है। चन्दौसी, सम्भल एवं हसनपुर से चांदपुर, नूरपुर एवं बिजनौर को जोड़ने वाली सड़क भी यहां से होकर गुजरती है। अतः यहां पर एक ट्रॉमा सेंटर की अति आवश्यकता है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर स्थित औद्योगिक नगरी गजरौला में एक्सीडेंट आदि में घायल होने वाले व्यक्तियों के लिए एक ट्रॉमा सेंटर खुलवाने हेतु उचित दिशानिर्देश जारी करने की कृपा करें।